प्रेस नोट **09/09/2024**

03 शातिर चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी की एक मोबाईलफोन बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.09.2024 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर गजियापुर मिश्रौली बंधा रोड़ तिराहा के पास से मु0अ0सं0 257/24 धारा 303(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्तगण चन्दीप तुरहा पुत्र विरेन्द्र तुरहा निवासी मिश्रौली, विशाल शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी जमुनी, अवनीश सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी कुवरपुरवा थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक अदद मोबाईल फोन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त मुकदमें में धारा 317(2), 317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1. चन्दीप तुरहा पुत्र विरेन्द्र तुरहा निवासी मिश्रौली थाना मधुबन जनपद मऊ।
2. विशाल शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी जमुनी थाना मधुबन जनपद मऊ।
3. अवनीश सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी कुवरपुरवा थाना मधुबन जनपद मऊ।

बरामदगी–

1. चोरी की एक अदद मोबाईल फोन।

गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री महेश सिंह अत्रि के पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 09.09.2024 को उसके निवासा स्थान मोहल्ला इब्राहिमपुरा से मु0अ0सं0258 /3 धारा 24(1) उगिरोहबन्द एवम् समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम.प्र. में वांछित अभियुक्त (25 हजार इनामी) अफरोज आलम पुत्र जफर अली निवासी इब्राहिमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त–

1. अफरोज आलम पुत्र जफर अली निवासी इब्राहिमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।

अपराधिक इतिहास–

1. मु0अ0सं0 120/23 धारा 419/420/467/468/471/504/506/386/427 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।
2. मु0अ0सं0 258/24 धारा 3(1) उ.प्र.गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, हे.का. रविरंजन राय, का. अमरेश सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ।

जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 09.09.2024 को सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा व क्षेत्राधिकारी नगर तथा भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ मऊ नगर क्षेत्र के सदर चौक, घास बाजार संस्कृत पाठशाला में बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया तथा आस-पास शांति/सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया। साथ ही साथ समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।